卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 182 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦9 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# सैनिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध:धामी

**मुख्यमंत्री ने खटीमा में किया सीएसडी कैंटीन और सैनिक मिलन केंद्र का लोकार्पण, वीर सैनिकों और शहीद परिजनों को किया सम्मानित**

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने गृह क्षेत्र खटीमा में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बड़ी सौगात देते हुए नवनिर्मित सीएसडी कैंटीन और सैनिक मिलन केंद्र का धार्मिक अनुष्ठानों साथ अपनी धर्मपत्नी गीता धामी सहित माता व बहन के साथ मिलकर भव्य लोकार्पण किया। यह गौरवशाली आयोजन मुख्यमंत्री के पिता सूबेदार स्वर्गीय शेर सिंह धामी की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सैनिक सम्मान समारोह के दौरान संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए सीमांत क्षेत्र के हजारों पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं और स्थानीय





नागरिक कार्यक्रम में उमड़े। समारोह स्थल पर पहुँचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत अभूतपूर्व ढंग से किया गया, जहाँ उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं ने उन पर बुलडोजर से पुष्प वर्षा की। एक सैनिक पुत्र के रूप में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अमर शहीद सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों के परिजनों व वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भावुक भी नजर आए। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने स्वयं सीएसडी कैंटीन के भीतर जाकर काउंटर से खरीदारी की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खटीमा में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध होने से अब स्थानीय पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को खरीदारी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनका समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। उन्होंने अपने संबोधन में सैन्य सेवा के गौरव का बखान करते हुए कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है और राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सैनिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने घोषणा की कि राज्य के हर जिले में सैनिकों के सम्मान और सुविधाओं के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि एक सैनिक परिवार में जन्म लेने के कारण उन्हें अनुशासन और राष्ट्र सेवा के संस्कार विरासत में (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवती के साथ दुष्कर्म का अरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुंडा कोतवाली में तहरीर देकर एक महिला ने बताया था कि महुआखेड़ा गंज निवासी जीवेश सिंह ने शादी करने का भरोसा दिलाकर उसकी बेटी को अपने जाल में फंसाया फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना एसआई कुसुम रावत को सौंपी। विवेचना के उपरांत पुलिस टीम ने आरोपी जीवेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

## डमंर से कुचलकर बाइक सवार दो लोगों की मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार की रात्रि पंतनगर थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। पार्टी से लौट रहे दोनों व्यक्तियों को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे व्यक्ति की मौके पर ही एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे व्यक्ति ने इलाज के दौरान चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, मृतकों में 62 वर्षीय मोहन स्वरूप पुत्र सुखलाल और लगभग 45 वर्षीय हसीब अहमद पुत्र फकीर अहमद शामिल हैं। दोनों रामपुर जिले के ग्राम लखीमीपुर, थाना खजुरिया के निवासी बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति पंतनगर के फूलबाग क्षेत्र में शाकिर अहमद के यहां आयोजित एक पार्टी में शामिल होने आए थे। देर रात भोजन करने के बाद जब वे बाइक संख्या यूपी 22 बीए 4795 से अपने घर लौट रहे थे, तभी दरऊ चौक के पास एक तेज रफ्तार डंपर यूपी 77 एटी 0458 के अज्ञात चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मोहन स्वरूप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल हसीब अहमद को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम (शेष पृष्ठ सात पर)







## मासूम से दुष्कर्म की घटना से सनसनी, दो नाबालिगों पर आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में 9 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का शर्मनाक मामला सामने आया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।पीड़ित बच्ची के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इस मामले में दो नाबालिग किशोरों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगा है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के बाद दोनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है और उनसे घटना के सम्बंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारी पूरे घटनाक्रम की कड़ी से कड़ी जोड़ने के लिए गहनता से जांच कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्ची को तत्काल मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है, ताकि वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा सकें और मामले की पुष्टि हो सके। मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ठगी के लिए इस्तेमाल हो रहे दो म्यूल अकाउंट पर मुकदमा

**ट्रांजिट कैम्प और रुद्रपुर क्षेत्र के बैंक खातों से हुआ लाखों का संदिग्ध लेन-देन**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद की साइबर सेल द्वारा चिन्हित किए गए संदिग्ध म्यूल अकाउंट्स (धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले खाते) के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में रुद्रपुर और ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग बैंक खातों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इन खातों का इस्तेमाल देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए किया जा रहा था।पहला मामला वरिष्ठ उपनिरीक्षक के.सी. आर्य की तहरीर पर दर्ज किया गया है। साइबर सेल से प्राप्त सूची के अनुसार, एक्सिस बैंक की रुद्रपुर शाखा का खाता संख्या 913020019600966 संदिग्ध पाया गया। जांच में पता चला कि इस खाते के विरुद्ध देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 68 शिकायतें दर्ज हैं। इस खाते के माध्यम से अब तक 4,00,008 रुपये का संदिग्ध ट्रांजैक्शन किया जा चुका है।दूसरा मामला उपनिरीक्षक महेश काण्डपाल की तहरीर पर ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ है। आवास विकास स्थित इंडसइंड बैंक की शाखा का खाता संख्या 201035776601 साइबर ठगी की 12 शिकायतों में संलिप्त पाया गया है। इस खाते के माध्यम से 3,63,000 रुपये का संदिग्ध लेन-देन हुआ है। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि ये बैंक खाते वास्तविक बैंकिंग कार्यों के (शेष पृष्ठ सात पर)

## अवैध खनन रोकने गई टीम पर हमला,ट्रैक्टर छुड़ा ले गए ग्रामीण

**रामनगर कोतवाली में सरकारी कार्य में बाधा और मारपीट का केस दर्ज,जांच शुरू**

रामनगर (उद संवाददाता)। कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम के लिए गई वन विभाग की टीम पर हमले और सरकारी असलहा छीनने का गंभीर मामला सामने आया है। वन विभाग तराई पश्चिमी की तहरीर पर पुलिस ने नामजद सहित कई लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।मामला 6 अप्रैल की सुबह का है। उत्तरी लोवर कोसी रेंज के वन बीट अधिकारी विमल चौधरी अपने अधीनस्थ कर्मचारी रिंकू श्रमिक के साथ नियमित गश्त पर थे। सुबह करीब 7:20 बजे आरक्षित वन क्षेत्र में खनन निकासी गेट के पास उन्हें कुछ वाहन अवैध खनन करते दिखाई दिए। वन टीम ने घेराबंदी कर एक ट्रैक्टर केकड़ा वाहन को पकड़ लिया और उसे अपनी अभिरक्षा में लेने की कार्रवाई शुरू की। आरोप है कि इसी दौरान वाहन स्वामी अरुणपाल निवासी ग्राम जस्सा गाजा अपने 3 से 5 साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया।तहरीर के अनुसार, आरोपियों ने वन कर्मियों के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। इसी छीनाझपटी के दौरान आरोपी अरुणपाल ने वनकर्मी का 315 बोर का असलहा और चार कारतूसों से भरी मैगजीन छीन ली। इसके बाद आरोपी अपने ट्रैक्टर को जबरन छुड़ाकर मौके से फरार (शेष पृष्ठ सात पर)

# ‘गुटबाजी ने निकाली’ कांग्रेसी जिला सम्मेलन के ‘गुब्बारे की हवा’

**कार्यक्रम से हरीश रावत और मीना शर्मा के समर्थकों ने बनाई दूरी, कई पुराने कार्यकर्ता भी कार्यक्रम से रहे नदारद**

-अर्श-

रुद्रपुर। हाल ही में उत्तराखंड कांग्रेस में शामिल हुए बाहरी नेताओं को लेकर कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में असंतोष लगातार गहराता जा रहा है। एक ओर जहां कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अच्छे खासे कुपित हैं वहीं दूसरी ओर रुद्रपुर की जानी पहचानी कांग्रेसी महिला नेत्री मीना शर्मा ने अलग मोर्चा खोल रखा है । इसके अलावा कांग्रेस के वे नेता, जिनका भविष्य कांग्रेस में आने वाले बाहरी नेताओं के चलते संकट में पड़ने वाला है, भी भीतर ही भीतर काफी असंतुष्ट हैं ,लेकिन हवा का रुख भांपने के लिए फिलहाल खामोश हैं। हालांकि असंतोष को भीतर ही भीतर पाल रहे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का गुबार तो समय आने पर बाहर आएगा ही, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी का असर कांग्रेस के कार्यक्रमों में अभी शुरुआती दौर में ही दिखने लगा है ।ऐसी ही तमाम संगठनात्मक चुनौतियों और असंतोष के बीच पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा पांच दिवसीय दौरे पर बीते रोज



उत्तराखंड पहुंचीं और तथा रुद्रपुर में आयोजित कांग्रेस के जिला सम्मेलन में शिरकत की। हालांकि उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य संगठन के भीतर चल रहे मतभेदों को समाप्त करना, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरना और आगामी चुनावों से पहले पार्टी को मजबूत आधार देते हुए कार्यकर्ताओं को एकता और अनुशासन की भावना से लबरेज करना था,लेकिन गुटबाजी की सुई ने कांग्रेस के जिला सम्मेलन के गुब्बारे की हवा निकाल कर रख दी और कार्यक्रम कार्यकर्ताओं पर अपेक्षित असर नहीं छोड़ सका। देखने में आया कि कांग्रेस के उपरोक्त कार्यक्रम से हरीश रावत और मीना शर्मा के समर्थकों ने पूरी तरह ही दूरी बनाकर तो रखी ही, साथ ही साथ कांग्रेस की रीढ़ की माने जाने वाले कई पुराने स्थानीय कार्यकर्ता भी कार्यक्रम से नदारद रहे। यद्यपि जिला सम्मेलन के मंच पर कुमारी शैलजा सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, चुनाव समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत,उप नेता प्रतिपक्ष भुवन (शेष पृष्ठ सात पर)

# चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर शासन ने कसी कमर

## वरिष्ठ अधिकारियों और जिलाधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के कड़े निर्देश

देहरादून। मुख्य सचिव ने कहा कि पुलिस विभाग को जाम वाले स्थलों तथा स्लाईडिंग जोन का चिन्हित कर पुलिस बल तैनात किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रैफिक जाम और लैंड स्लाइडिंग जैसे अन्य कारणों से मार्ग बाधित होने के कारण लगने वाले जाम से बचने के लिए बड़े होल्डिंग एरिया चिह्नित कर यात्रियों को रुकने और खाने की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं रखी जाएं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार को असुविधा न हो। उन्होंने यातायात संकुलन और मौसम की जानकारी सहित महत्वपूर्ण जानकारियां लगातार वॉकी-टॉकी सहित एसएमएस से जानकारी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, यात्रा के लिए रजिस्टर्ड नंबर पर वॉट्सएप चला जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के दौरान यात्रियों को 'सचेत ऐप' अनिवार्य रूप से डाउनलोड कराया जाए। उन्होंने पुलिस सहित अन्य सभी सम्बन्धित विभागों को अपनी विभागीय योजनाओं में नए रूट्स और कनेक्टिविटी को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबन्धन विभाग के मैसेजिंग एलर्ट मैकेनिज्म का प्रयोग भी यात्रा मार्ग में यात्रियों को जानकारियां उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आपात स्थिति में हैली सेवाओं के माध्यम से बचाव एवं रेस्क्यू का उचित प्रबन्धन सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग को चारधाम यात्रा मार्गों में विभिन्न स्थानों में सार्वजनिक सुविधाएं विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए स्थान चिह्नित करते हुए इसका प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग अपनी छोटी पब्लिक अमेनिटीज को भी विकसित कर सकता है। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्गों में साईनेज अनिवार्य रूप से लगाए जाने की बात भी कही ताकि किसी श्रद्धालु को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग से चारों धामों में चिकित्सकों की तैनाती की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ एवं श्री बद्रीनाथ धाम में 15-15 दिनों के रोटेशन आधार पर चिकित्सकों की तैनाती की जाए। उन्होंने 60 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर स्क्रीनिंग पाइंट्स स्थापित करते हुए स्वास्थ्य जांच को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रेकिंग रूट्स पर आपातकालीन स्थिति में मेडिसिन और जांच उपकरणों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्ग, सीमा सड़क संगठन तथा लोक निर्माण विभाग के अपने-अपने परिक्षेत्रान्तर्गत आने वाले मोटर मार्गो यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व दुरूस्त किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य समय से पूर्ण हो इसके लिए लैबर की संख्या बढ़ायी जाए। उन्होंने डेंजर जोन, स्लाईडिंग जोन को चिन्हित कर मरम्मत किये जाने के साथ ही उन स्थलों पर मशीनें/उपकरण रखे जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने विद्युत विभाग को श्री बद्रीनाथ धाम में लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान तथा चारों धामों में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में कई बार विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, इसके दृष्टिगत वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने चारो धामों एवं यात्रा मार्गो पर सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के साथ ही उन्होंने जीएमवीएन को भी अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नागरिक उड्डयन विभाग को शटल सेवा के लिए एसओपी शीघ्र जारी करने के साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चारों धामों में हैली सेवाओं की उपलब्धता एवं ऑफलाईन/ऑनलाईन बुकिंग की सुविधा का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सूचना विभाग को यात्रा से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारियों को प्रचार प्रसार सुनिश्चित किए जाने एवं उन्होंने कहा कि सूचना विभाग के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग को वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र, ग्रीन कार्ड एवं ट्रिप कार्ड ससमय उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आपूर्ति विभाग को चारधाम यात्रा मार्गों में रसोई गैस, कैरोसीन, पैट्रोल, डीजल आदि की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दीपक सेठ, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, सचिन कुर्वे, डॉ. बी.वी.आर. सी. पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, विनोद कुमार सुमन, धीराज गर्ब्याल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# लेखपाल संघ के पिंटू कुमार जिला अध्यक्ष, इंदु जिला महामंत्री निर्वाचित

रूद्रपुर। लेखपाल संघ की जिला इकाई के चुनाव पंचायत सभागार में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। पर्यवेक्षक आशुतोष और राजीव बिष्ट की देखरेख में आयोजित इस चुनावी प्रक्रिया में जनपद के लेखपालों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिसके बाद नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। निर्वाचन परिणामों के अनुसार, पिंटू कुमार को निर्विरोध जिला अध्यक्ष और श्रीमती इंदु भट्ट को जिला महामंत्री चुना गया। कार्यकारिणी के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें धीरेन्द्र सिंह को उपाध्यक्ष प्रथम और श्रीमती मीनाक्षी गोस्वामी को उपाध्यक्ष द्वितीय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त हेमा यादव को संगठन मंत्री, रोहित शर्मा को कोषाध्यक्ष और अंकित सक्सेना को ऑडिटर पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष पिंटू कुमार और महामंत्री इंदु भट्ट ने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि लेखपालों की समस्याओं के निराकरण और उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगा।



# मदिरा की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापे, ओवररेटिंग का हुआ भंडाफोड़

## राजस्व टीम ने ग्राहक बनकर पकड़ी धांधली, जिलाधिकारी को भेजी कार्रवाई की रिपोर्ट

हल्द्वानी/कालाढूंगी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार बुध वार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मदिरा की दुकानों पर राजस्व विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कई दुकानों में शराब की बोतलों पर अंकित मूल्य से अधिक दाम वसूलने और अन्य गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। कालाढूंगी में उपजिलाधिकारी विपिन पंत के नेतृत्व में टीम ने मुख्य बाजार स्थित विदेशी मदिरा की दुकान पर गोपनीय ढंग से छापेमारी की। क्षेत्रीय जनता की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए राजस्व कर्मियों ने स्वयं ग्राहक बनकर रॉयल स्टैग का एक हाफ और एक क्वार्टर खरीदा। इसके लिए गूगल पे के माध्यम से 620 रुपये का भुगतान किया गया, जो एमआरपी से 10 रुपये अधिक था। डिजिटल साक्ष्य मिलते ही उप जिलाधिकारी और तहसीलदार अन्य राजस्व कार्मिकों के साथ दुकान पर पहुंचे। वहां मौजूद अन्य ग्राहकों ने भी ओवर रेटिंग की पुष्टि की। ग्राम धापला निवासी अजय कुमार के बयान दर्ज किए गए, जिसमें उन्होंने भी अधिक मूल्य वसूले जाने की बात कही। जांच में स्टॉक पंजिका और बिक्री पंजिका में अंतर मिला, बिलिंग मशीन बंद पाई गई और सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हुआ कि ग्राहकों को बिल नहीं दिए जा रहे थे। दुकान पर रेट लिस्ट भी नहीं लगी थी। सेल्स मैनेजर पंकज मेहरा ने स्वीकार किया कि वहां अन्य कर्मचारी भी कार्यरत हैं। इसी कड़ी में लालकुआं तहसील अंतर्गत भी उपजिलाधिकारी रेखा कोहली ने चार मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। राजस्व कर्मियों के माध्यम से कराई गई खरीदारी में सभी चारों दुकानों पर ओवररेटिंग पकड़ी गई। राजस्व टीम ने निर्मल उपाध्याय की विदेशी मदिरा की दुकान, हरिश्चंद्र तिवारी की देशी मदिरा, सुरेश सिंह नेगी की विदेशी मदिरा और कैलाश चंद्र पंत की देशी मदिरा की दुकानों पर कार्रवाई की। इन दुकानों में अधिक दाम वसूलने के साथ-साथ बिलिंग मशीन खराब मिली और स्टॉक पंजिकाएं अपूर्ण पाई गईं। इसके अलावा दुकानों पर बिक्री पंजिका और पुलिस सत्यापन भी नहीं पाया गया। उपजिलाधिकारी लालकुआं ने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को कड़ी कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दी है।





# कुत्ते के भौंकने पर महिला को मारी गोली, गंभीर

सितारगंज। सितारगंज के सिडकुल क्षेत्र स्थित ग्राम पहाड़ी उकरौली में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जब कुत्ते के भौंकने को लेकर चल रही पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी जगपाल वर्मा ने कथित रूप से तमंचे से फायरिंग कर दी। घटना सुबह करीब 9:30 बजे की है, जब आरोपी अपनी पत्नी धनदेई के साथ दीपक के मौसा धरमवीर के घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह कुछ देर बाद हथियार लेकर लौटा और जान से मारने की नीयत से दीपक की मौसी शांति देवी पर गोली चला दी, जो उनके पेट में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद आरोपी ने धरमवीर पर भी कई राउंड फायर किए, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। परिजनों ने घायल महिला को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर गंभीर हालत में हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष ने थाना सितारगंज में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी की तलाश जारी है।

# कई युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

रूद्रपुर। भूरारानी स्थित नजारा बैंकट हॉल में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान युवा समाजसेवी संजय ठुकराल सहित दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत जैसे दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में इन युवाओं ने पार्टी की रीति-नीतियों में विश्वास जताते हुए हाथ का साथ चुना। सम्मेलन के दौरान मंच पर मौजूद वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस परिवार में शामिल होने वाले सभी नए सदस्यों का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।



पार्टी की सदस्यता लेने वालों में संजय ठुकराल के साथ मुख्य रूप से चेतन मंगत, सुनील चुग, राजवीर सिंह, सुखवंत सिंह, विजय गिरी, मधुर चौहान, अमित चीमा, हरविंदर विर्क, विजय छाबड़ा, दिव्यांशु त्रिपाठी, हेमंत मिश्रा, नरवर गिल और मन्नू अरोरा सहित तमाम युवा शामिल रहे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने कहा कि युवाओं का कांग्रेस के प्रति बढ़ता रुझान इस बात का प्रतीक है कि जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से त्रस्त है और बदलाव चाहती है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और गणेश गोदियाल ने कहा कि संजय ठुकराल जैसे ऊर्जावान युवाओं के आने से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी।

# साउथ एशियन जु-जित्सू चैंपियनशिप में रुद्रपुर के क्षितिज दिखाएंगे दम

## श्रीलंका के डिगाना में आयोजित प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम रवाना

रूद्रपुर। डिगाना, श्रीलंका में 10 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने जा रही थर्ड साउथ एशियन जु-जित्सू चैंपियनशिप में जु-जित्सू खिलाड़ी क्षितिज सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर अपना दम दिखाएंगे। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रूद्रपुर के क्षितिज सिंह के साथ हल्द्वानी से नव्या पांडे, श्रीपर्णा जोशी, कृष्णांजलि जोशी, रिद्धिमा नेगी, अविग्ना नेगी, नमन मेहरा और ममता उपाध्याय भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। बुधवार को जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती और अभिभावकों ने रूद्रपुर रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों को दिल्ली के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना किया।जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि क्षितिज सिंह सहित उत्तराखंड के अन्य जु-जित्सू खिलाड़ी अपनी लगन से देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



एसोसिएशन के महासचिव व कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि भारतीय टीम बुधवार रात्रि में टीम के हेड कोच व जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेशी विनय कुमार जोशी, महासचिव अमित अरोरा, कोच एमआर शाहिद और जवान सिंह की अगुवाई में आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली से श्रीलंका के लिए उड़ान भरेगी। प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा अधिकृत जु-जित्सू इंटरनेशनल फेडरेशन और जु-जित्सू एशियन यूनियन के नेतृत्व में हो रहा है। इसमें सात देशों के लगभग 400 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। भारत की ओर से 68 खिलाड़ी नेवाजा, जु-जित्सू फाइटिंग, कॉन्टैक्ट और डूओ शो इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। कोच भारती ने बताया कि क्षितिज सिंह ऋषि मार्शल आर्ट अकैडमी रूद्रपुर में रोजाना करीब आठ घंटे कड़ी मेहनत कर प्रशिक्षण ले रहे हैं। क्षितिज एडल्ट्स आयुवर्ग की 85 किलोग्राम भारवर्ग की फाइटिंग और डूओ शो मिक्सड इवेंट्स में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस अवसर पर जु-जित्सू एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, जिला डीएसओ जानकी कार्की,अपूर्व मनोहर सिंह, आराधना सिंह, अंकुर कुमार, जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्षा रसिका सिद्दीकी, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा,कृष्ण साना, मुकेश यादव, सतविंदर सिंह, विजेंद्र चौधरी, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, वसीम खान, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सतनाम चावला, एजे बटसर, साधना बटसर, कमल सक्सेना सहित अनेक अभिभावकों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने परखा पिथौरागढ़ पुलिस का दम

## सख्त तेवर और संवेदनशील कार्यशैली से सिस्टम को किया दुरुस्त, दिए कड़े निर्देश





पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद पिथौरागढ़ में आज पुलिसिंग का एक प्रभावशाली और प्रेरणादायक रूप देखने को मिला, जब कुमायूँ परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रिद्धिम अग्रवाल ने जिले का गहन वार्षिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया न रहकर प्रभावी पुलिसिंग को धरातल पर मजबूत करने की एक ठोस पहल के रूप में सामने आया। आईजी अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि आधुनिक पुलिसिंग में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनविश्वास, जवाबदेही और तकनीकी दक्षता अनिवार्य है।निरीक्षण के दौरान आईजी का दृष्टिकोण ष्सख्ती और संवेदनशीलताष के संतुलन पर आधारित रहा। पुलिस लाइन में आयोजित परेड का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हुए उन्होंने जवानों के अनुशासन और टर्नआउट को परखा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों की सराहना करते हुए उन्होंने अनुशासन की गुणवत्ता में सुधार के आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने पुलिस लाइन परिसर, बैरक, मैस, शस्त्रागार और परिवहन शाखा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सैनिक सम्मेलन के माध्यम से उन्होंने पुलिस कार्मिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए जवानों का मनोबल बढ़ाया।अपराध समीक्षा गोष्ठी में आईजी ने कानून व्यवस्था और लंबित विवेचनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ष्ऑपरेशन प्रहारष अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा ड्रग तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों की विवेचना हर हाल में 60 दिनों के भीतर पूर्ण की जाए। इसके साथ ही गुमशुदा नाबालिगों की बरामदगी और ई-साक्ष्य पोर्टल पर डेटा अपडेट करने को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आईजी ने आमजन की शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने संदेश दिया कि कानून व्यवस्था की मजबूती का आधार केवल नियंत्रण नहीं, बल्कि जनता का विश्वास और पुलिस की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोड़े सहित जनपद के समस्त उच्चाधिकारी मौजूद रहे। आईजी के इस औचक और विस्तृत निरीक्षण से पूरे पुलिस तंत्र में हड़कंप के साथ-साथ कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा का संचार भी देखा गया।

# निजी स्कूलों और बुक सेलरों के सिंडिकेट पर शिकंजा


## महंगी किताबें थोपने और नियमों के उल्लंघन पर 46 स्कूलों को नोटिस

हल्द्वानी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों पर प्रशासन और शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में निजी स्कूलों और बुक सेलर्स के बीच आपसी गठजोड़ का खुलासा होने के बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने हल्द्वानी के 46 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से शिक्षा जगत में हड़कंप मच गया है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई स्कूलों द्वारा अभिभावकों को एनसीईआरटी की सस्ती किताबों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान कई दुकानों से स्कूलों द्वारा जारी पर्चियां भी बरामद हुईं, जिनमें अभिभावकों को विशेष दुकानों से ही कॉपी किताबें खरीदने के निर्देश दिए गए थे। मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली जांच समिति की रिपोर्ट में कई गंभीर अनियमितताएं मिली हैं। इनमें विशेष दुकानों से खरीदारी का दबाव बनाना, सीबीएसई के निर्देशों का उल्लंघन करना और स्कूल की वेबसाइट पर फीस स्ट्रक्चर सार्वजनिक न करना जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कृत्य शासन और सीबीएसई के स्पष्ट निर्देशों का खुला उल्लंघन है। सभी 46 संबंधित स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे 11 अप्रैल 2026 की शाम 5 बजे तक अपना स्पष्टीकरण कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समय के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो स्कूलों के खिलाफ मान्यता और संबद्धता रद्द करने के साथ ही विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नोटिस पाने वाले स्कूलों में वेदान्तम इण्टरनेशनल स्कूल दमुवादूंगा, ग्रीन सिटी पब्लिक स्कूल, आदर्श पब्लिक स्कूल, आरूष पब्लिक स्कूल कुंवरपुर, न्यू बाल संसार पब्लिक स्कूल, चिल्ड्रन वैली पब्लिक स्कूल, डी लैम्प पब्लिक स्कूल दमुवादूंगा, दपर्ण चिल्ड्रन गार्डन पब्लिक स्कूल, ईमैनुअल पब्लिक स्कूल, ग्रीन वुड पब्लिक स्कूल, जी किड्स पब्लिक स्कूल, हिमालया विद्या मन्दिर, इन्सपिरेशन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, देवभूमि पब्लिक स्कूल देवलचौड़, जय दुर्गे पब्लिक स्कूल दमुवादूंगा, किड्स केयर पब्लिक स्कूल, किंग्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, काठगोदाम पब्लिक स्कूल, लिटिल जीनियस पब्लिक स्कूल, लिटिल स्पार्कल एकेडमी, मानस पब्लिक स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल, न्यू सनसाईन पब्लिक स्कूल, न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल, शेमफोर्ड पब्लिक स्कूल, सेंट लुक्स पब्लिक स्कूल, श्री कृपा पब्लिक स्कूल, सेंट जार्ज पब्लिक स्कूल, सनराईज पब्लिक स्कूल, समिट पब्लिक स्कूल, विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, सन बीम पब्लिक स्कूल, एसकेएम पब्लिक स्कूल देवलचौड़, फन विथ ड्रांइग पब्लिक स्कूल, टेंडर फीट पब्लिक स्कूल, विजडम पब्लिक स्कूल, वुडलैंड पब्लिक स्कूल, वीवीएम पब्लिक स्कूल, होली एंजेल पब्लिक स्कूल, पीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल, न्यू फैंग लैंड पब्लिक स्कूल, राईजिंग स्टार पब्लिक स्कूल, स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल, दून पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और आर्यमान विक्रम बिड़ला पब्लिक स्कूल शामिल हैं।

# मजदूरी के रुपये मांगने पर बेरहमी से पीटा,हालत गंभीर

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र के संजय नगर खेड़ा में मजदूरी के बकाया रुपये मांगने पर एक ठेकेदार और उसके बेटों ने एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में घायल व्यक्ति का कान का पर्दा फट गया है और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।संजय नगर खेड़ा वार्ड नंबर 11 निवासी आरती मंडल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ढाई महीने पहले उनके पुत्र रोहित मंडल ने ठेकेदार भरत अधिकारी के अधीन पेंट का काम किया था। इस काम के 2,000 रुपये बकाया थे, जिसे देने में ठेकेदार लगातार टालमटोल कर रहा था। बुधवार सुबह लगभग 8:30 बजे आरती के पति गणेश मंडल बकाया रुपये लेने के लिए ठेकेदार के घर गए थे। आरोप है कि वहां ठेकेदार के बड़े बेटे सूरज अधिकारी ने गणेश मंडल को धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया और भरत अधिकारी ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।घटना यहीं नहीं रुकी,जब गणेश मंडल वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में भरत अधिकारी, सूरज अधिकारी और शिवम अधिकारी ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने उनके साथ फिर से मारपीट की। आरोप है कि सूरज ने गणेश मंडल का सिर पास खड़े एक खंभे पर दे मारा, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और कान का पर्दा फट गया। साथ ही उनके सीने में भी अंदरूनी चोटें आई हैं। घायल गणेश को उपचार के लिए पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया। वर्तमान में परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार करा रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बालाजी दरबार व महानाम संकीर्तन में लिया आर्शीवाद



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता प्रमोद मित्तल ने श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर, गल्ला मंडी में आयोजित भव्य श्री बालाजी दरबार एवं आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में आयोजित महानाम संकीर्तन में प्रतिभाग कर आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्होंने बाला जी के दरबार में भक्तों के साथ मिलकर भजनों का भावपूर्ण गुणगान किया। उन्होंने पूरे मनोयोग से भगवान हनुमान जी की आराधना की और अपने जीवन तथा समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गुलशन नारंग, गगन वाधवा, सौरव गाबा, सर्वेश मौर्य, शिवांश अग्रवाल, अशोक राजपूत, अजय फुटेला, करण फुटेला, मनोज अरोड़ा, अक्ष नारंग, मनीष शर्मा, अनुज छाबड़ा, सूरज सचदेवा, प्रिंस गुप्ता, दिलीप अरोड़ा, सन्नी घई, रजनीश यादव, शिवम देवल, अन्नू वाधवा, अंजू सक्सेना, शिवानी गर्ग, ज्योति गर्ग सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। जिसके पश्चात भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन में पहुंचे जहां पदाधिकारियों ने उनका हरिनाम का पटका पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राधा-कृष्ण के भजनों का भावपूर्ण गुणगान किया। प्रमोद मित्तल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा,आपसी भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। अखंड महानाम संकीर्तन जैसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# महानाम संकीर्तन की तैयारियां जोरों पर



दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले अष्टम प्रहर व्यापी महानाम संकीर्तन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के लिए क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। हर वर्ष की भांति इस बार भी दिनेशपुर सब्जी मार्केट स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है।महानाम संकीर्तन में दिनेशपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु संकीर्तन का आनंद लेने के साथ-साथ भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण करते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए चंदा संग्रह का कार्य भी लगातार जारी है, जिसमें स्थानीय युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है।मंगलवार को युवा टीम, देवव्रत राय के नेतृत्व में जंगल से लकड़ी लाने के लिए रवाना हुई। रवाना होने से पूर्व सभी युवाओं ने राधा रानी के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक यात्रा शुरू की। आयोजन की तैयारियों में वार्ड नंबर पांच के सभासद प्रतिनिधि सौरभ मंडल उर्फ सोनू ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने जंगल से लकड़ी लाने के लिए आवश्यक अनुमति सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई हैं।सौरभ मंडल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी महानाम संकीर्तन को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।इस अवसर पर देवव्रतराय,असीम मल्लिक , सुदीप ढाली ,सुखदेव ढाली, विनोद विश्वास, दिलीप ढाली,शुभम मल्लिक, भोला मंडल, कुशल मल्लिक, खितिश बैरागी, कन्हाई हालदार,शुभम राय,सूरज ढाली, पीयूष मंडल, दीपू ढाली, संजीव मंडल,अमित विश्वास, रोहित एवं मोहित ,भोला मंडल,कृष्ण सरकार, सबूज मंडल ,भोला पाल,और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# विधायक अरोरा के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री बत्रा का भव्य स्वागत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार के परिवहन व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री और जनपद ऊधम सिंह नगर के नव-नियुक्त प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा के प्रथम रुद्रपुर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में एलाइंस कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित भव्य स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। प्रभारी मंत्री के स्वागत में भाजपा पार्षदों और एलाइंस समिति के सदस्यों ने उन्हें एक विशाल माला पहनाई। बड़ी संख्या में जुटे लोगों के उत्साह को देख मंत्री प्रदीप बत्रा गदगद नजर आए। इसके उपरांत वे विधायक शिव अरोरा के आवास पर भी पहुंचे, जहां विधायक ने सपरिवार स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत भाषण में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि ऊधम सिंह नगर के प्रभारी मंत्री के रूप में प्रदीप बत्रा के नेतृत्व में जिले में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब और भी तेज गति से धरातल पर पहुंचेंगी। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें कैबिनेट मंत्री के रूप में उत्तराखंड की सेवा का जो अवसर दिया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि अंतिम पायदान पर बैठे गरीब व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि धामी सरकार प्रदेश हित में लगातार कठोर निर्णय लेकर उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरि, भारत भूषण चुघ, विवेक सक्सेना, प्रीत ग्रोवर, मुकेश पाल,धीरेश गुप्ता, जगदीश विश्वास सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समयबद्धता के साथ पूरा करें: धामी

## मुख्यमंत्री ने की राज्य की महत्त्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा



देहरादून(उद संवाददाता)। अधिकारियों को हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, शारदा रिवरफ्रंट कॉरिडोर तथा ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाये जाने के दिये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखंड निवेश और आधारभूत संरचना विकास बोर्ड की चौथी बैठक के दौरान राज्य की महत्त्व पूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, शारदा रिवरफ्रंट कॉरिडोर तथा ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजनाओं के अंतर्गत कार्यों में तेजी लाई जाए और इन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए। मुख्य मंत्री ने कहा कि राज्य में यूआईआईडीबी के गठन का मुख्य उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना तथा आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी संबंधित विभाग गंभीरता, समन्वय और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। उन्होंने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही प्रक्रियात्मक जटिलताओं को दूर करने के लिए कार्यों के सरलीकरण पर विशेष बल दिया, ताकि परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतर सकें।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी छह माह के भीतर इन परियोजनाओं के तहत कार्यों की वास्तविक प्रगति दिखाई देनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक परियोजना की स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित की जाए तथा तय समयसीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा करने के भी निर्देश दिए, ताकि किसी भी स्तर पर देरी न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शारदा कॉरिडोर योजना के कार्यों में तेजी लाए जाने हेतु परियोजना के लिए भूमि की उपलब्धता के साथ इस क्षेत्र की भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशीलता का भी अध्ययन कर सुरक्षात्मक उपायों की प्राथमिकता पर ध्यान दिए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि शारदा नदी के किनारे रिवर फ्रंट के विकास तथा घाटों के सौंदर्यीकरण से इस क्षेत्र में आनेवाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आगामी हरिद्वार कुंभ को ध्यान में रखते हुए गंगोत्री से हरिद्वार तक गंगा स्वच्छता के साथ हरिद्वार एवं ऋशिकेश के घाटों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे राज्य के समग्र विकास को गति मिल सके और उत्तराखंड को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदा और गंगा कोरिडोर का मुख्य उद्देश्य राज्य में धार्मिक पर्यटन को और बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा श्रद्धालुओं को सुविधा देना है। उन्होंने कहा कि दोनों परियोजनाओं में अलग-अलग डिजाइन पर कार्य किये जायेंगे। शारदा कोरिडोर के तहत बुनियादी ढ़ांचे, पर्यटन और लोगों की आर्थिकी को बढ़ावा देने से संबधित अनेक कार्य किये जायेंगे। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश झा, दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय,डॉ.आर. राजेश कुमार,बृजेश संत,धीराज गर्ब्याल, रणवीर सिंह चौहान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, विशेष सचिव अजय मिश्रा एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### कुम्भ मेला और जिला योजनाओं के लिए 1300 करोड़ की राशि स्वीकृत

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कुम्भ मेला-2027 के तहत अवस्थापना सुविधाओं के विकास में तेजी लाये जाने तथा जिला योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु 1300 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला-2027 के तहत अवस्थापना सुविधाओं के विकास में तेजी लाये जाने के लिए विभिन्न विभागों की 28 महत्वपूर्ण योजनाओं हेतु ₹282.29 करोड़ की योजनाओं का अनुमोदन प्रदान किया गया है। कुम्भ मेला-2027 को दिव्य एवं भव्य स्वरूप देने की दिशा में राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला योजना संरचना के अंतर्गत राज्य के सभी जनपदों हेतु कुल ₹1018.21 करोड़ की धनराशि जनपदवार आवंटित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस धनराशि से जनपदों में संचालित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास को और अधिक गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जन कल्याण से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रदेश की जनता को योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

# मंजू अग्रवाल भाजपा की नगर कोषाध्यक्ष नियुक्त



रुद्रपुर । भाजपा नेता पवन अग्रवाल की धर्मपत्नी मंजू अग्रवाल को भाजपा भगत सिंह मंडल में नगर कोषाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। नगर कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर मंजू अग्रवाल ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों को समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना होगा ताकि जन जन को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मंजू अग्रवाल की इस नई नियुक्ति पर क्षेत्र के तमाम दिग्गज राजनेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। नगर कोषाध्यक्ष बनने पर विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके आने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। बधाई देने वालों में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, अनिल चौहान,तरुण दत्ता,भारत भूषण चुघ, सुनील ठुकराल, वेद ठुकराल, यशपाल छबड़ा, विवेक सक्सेना, कल्याण सिंह, राकेश सिंह और रश्मि रस्तोगी सहित अनेक भाजपाई शामिल रहे। सभी नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और मिठाई खिलाकर मंजू अग्रवाल के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की और विश्वास जताया कि वे संगठन के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

# कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग

## लघु व्यापारियों ने जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



रुद्रपुर। लघु व्यापार एसोसिएशन के एक शिष्टमंडल ने जिलाध्यक्ष गुलशन नारंग व महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें लघु व्यापारियों को व्यवसाय के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर न मिल पाने की समस्या से अवगत कराते हुए इसका समाधान करने का आग्रह किया गया। सुरेश शर्मा ने कहा कि हमारे छोटे-छोटे लघु व्यवसायी ठेला एवं रुद्रा बैन्डिंग जोन में खान-पान का कारोबार करते हैं। परंतु पिछले कई दिनों से उनको कॉमर्शियल सिलेंडर न मिलने के कारण परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जिस कारण उनकी दुकाने एवं ठेलियाँ बन्द होने से उनके समक्ष दो टाईम की रोटी खाने के लिए एवं बच्चो भी फीस भरने में बहुत दिक्कते आने लगी है। उन्होंने कल सरकार द्वारा राष्ट्रीय फेरी आजिविका मिशन के तहत लघु व्यापारियों को हर सम्भव मदद दी जाती है। परन्तु गैस सिलेंडर को लेकर हो रही दिक्कतों से इनको जुझना पड़ रहा है। अत: इनकी दिक्कतों को देखते हुये शीघ्र समुचित संख्या में कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने की कृपा करें। शिष्टमंडल से वार्ता के पश्चात जिला पूर्ति अधिकारी ने लघु व्यापारियों के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर की व्यवस्था कर उनकी समस्या का समाधान किया। जिस पर शिष्टमंडल ने उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुभाष गुप्ता, राकेश, आकाश यादव, वेदपाल व नन्हे आदि रहे।

# बरसात से किसानों के चेहरे पर छाई मायूसी

सितारगंज।बरसात होने से गेहूं की पक्की फसल में नमी आने की संभावना बढ़ गई है। इससे किसानों के चेहरे पर मायूसी है।भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला प्रवक्ता गुरसाहब सिंह ने समस्त किसानों का गेहूं शत प्रतिशत तौलने की मांग की है। उन्होंने गेहूं तौल में दलाली प्रथा को समाप्त करने पर जोर दिया। बुधवार को बारिश होने से किसानों के चेहरे पर गेहूं की फसल को लेकर मायूसी देखी गई। उपज भीगने के कारण उसमें नमी की संभावना बढ़ गई है। जिससे किसान समर्थन मूल्य पर उपज को बेचने को लेकर चिंतित हैं। गेहूं तौल शुरू होने के बाद से ही बाजार में किसानों की फसल ओने पौने दामों पर बिक्री हो रही हैं। भाकियू टिकैत के जिला प्रवक्ता गुरसाहब सिंह ने आरोप लगायाकि बरसात के बाद सरकार को किसानों का शत प्रतिशत गेहूं तौलना चाहिए। बरसात के कारण आई दिक्कत का किसानों पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कांटों पर किसानों की उपज नियमानुसार तौलने की मांग की है। आरोप लगाया कि किसानों की फसल बाजार में दलालों के माध्यम से सस्ते दामों पर बेची जा रही है। जिसे रोकने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531

# कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा का नारायण हॉस्पिटल में भव्य स्वागत

## कैबिनेट मंत्री ने हॉस्पिटल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सराहा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा ने बुधवार को बिलासपुर रोड स्थित नारायण हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर अस्पताल की प्रबंधकीय टीम और शहर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि क्षेत्र में इस स्तर की हाईटेक चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध होना गर्व की बात है। अस्पताल के एमडी डॉ. प्रदीप अदलखा ने मंत्री जी को अस्पताल में दी जा रही विशिष्ट सेवाओं की विस्तृत के साथ-साथ विधायक शिव अरोरा, गुरमीत सिंह, नरेंद्र अरोरा, राजकुमार खनिजौ, राजकुमार फुटेला, सुनील ठुकराल, जतिन भसीन, अंकित नारंग, मानस जायसवाल, पारस चुघ, गौरव





अस्पताल की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। अस्पताल परिसर पहुँचने पर कैबिनेट मंत्री का स्वागत बेहद आत्मीय ढंग से किया गया। संस्थान के एमडी डॉ. प्रदीप अदलखा एवं डॉ. सोनिया अदलखा अस्पताल के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। उन्होंने विशेष रूप से इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू और ट्रामा सेंटर में उपलब्ध नवीनतम मशीनों और तकनीक को देखा। मंत्री जी ने अस्पताल की स्वच्छता और मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल का मुख्य लक्ष्य मरीजों को कम समय में और विश्वस्तरीय मानकों के साथ बेहतर इलाज मुहैया कराना है, ताकि गंभीर स्थिति में लोगों को दूर न जाना पड़े। इस विशेष अवसर पर डॉ. प्रदीप अदलखा, डॉ. सोनिया अदलखा फुयाल, राजकुमार गगनेजा, बलजीत गाबा, राजकुमार मिगलानी, बॉबी अरोरा, अजय चड्ढा सहित नारायण हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त अंकित अदलखा, हर्षित अदलखा और सन्नी अदलखा भी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।

# सम्मेलन में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शैलजा बोली अनुशासनहीनता बर्दाश्त नही

## बयानबाजी करने वालों पर होगी कार्रवाई, 2027 की तैयारी में जुटने का किया आहवान

रुद्रपुर। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अभी से कमर कसनी शुरू कर दी है। रुद्रपुर के भूरारानी स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा ने साफ संदेश दिया कि पार्टी में अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी और बयानबाजी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हों और सत्ता परिवर्तन के लक्ष्य को लेकर पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरें। शैलजा ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा त्याग, समर्पण और जनसेवा पर आधारित है, जिसे हर कार्यकर्ता को आत्मसात करना होगा। रणनीति में कार्यकर्ताओं की भागीदारी होगी तय प्रदेश प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आगामी चुनावों की रणनीति तय करने में कार्यकर्ताओं की राय को भी महत्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक निर्णय से ही संगठन मजबूत होगा और जीत का रास्ता तैयार होगा। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, केंद्रीय नेता गुरदीप सप्पल, सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा समेत कई वरिष्ठ नेताओं का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शैलजा को गदा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता रहे मौजूद रहे। लेकिन रुद्रपुर से कार्यकर्ताओं की भीड़ कम नजर आई। सम्मेलन में पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़, विधायक आदेश चौहान, गोपाल सिंह राणा, पूर्व सांसद महेंद्र पाल, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, प्रकाश जोशी, नारायण पाल, मनोज आर्य, हिमांशु गाबा, ममता रानी, सुमित्तर भुल्लर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।






### सम्मेलन में मीना शर्मा की गैरहाजिरी बनी चर्चा का विषय

रुद्रपुर। सम्मेलन में पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा की गैरमौजूदगी ने राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी। हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ चल रही खींचतान के बीच उनकी अनुपस्थिति को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। इस पर सवाल पूछे जाने पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कोई भी टिप्पणी करने से इंकार कर।

### ठुकराल ने कुमारी शैलजा को गदा भेंट कर किया सम्मानित

रुद्रपुर। हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा को गदा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान ठुकराल ने प्रदेश प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा होगा। इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी तालियों के साथ इस सम्मान का स्वागत किया।





## सनातन धर्म युवा मंच की नई कार्यकारिणी गठित,संजीव अध्यक्ष,समन बने महामंत्री

गदरपुर। श्री सनातन धर्म सभा की कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में युवा मंच की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। सर्वसम्मति से संजीव झाम को युवा मंच का अध्यक्ष तथा समन मुंजाल को महामंत्री मनोनीत किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने



तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा हुई।वक्ताओं ने कहा कि युवा मंच के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जाएगा और विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों को नई दिशा दी जाएगी।कार्यक्रम का समापन आपसी सहयोग और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया गया।

## महिला रामलीला में मेघनाथ व कुम्भकर्ण वध का मंचन


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसआरआई संस्था द्वारा शीशमहल रामलीला मैदान आयोजित महिला रामलीला के दसवें दिन बुद्धवार की शाम रामलीला मैदान में राज्य दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा, देवकी नन्दन भट्ट, गिरीश तिवारी, मनोज तिवारी, दिनेश फुलारा व सुरेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित किया। डायरेक्टर मुकेश कुमार जोशी के निर्देशन में मेघनाथ व कुंभकर्ण के वध की लीला का सजीव मंचन महिला कलाकारों ने किया। लीला देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही। लीला मंचन में लक्ष्मण को संजीवनी बूटी पिलाये जाने के बाद उनके होश में आने पर रामदल में पुन: खुशी व ऊर्जा दौड़ गई और तुरंत बाद युद्ध के लिए मेघनाथ को ललकारा गया। इसमें रोमांचकारी युद्ध के दौरान लक्ष्मण के बाण से मेघनाथ युद्ध मैदान में मारा जाता है। इसकी सूचना से लंका में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं मेघनाथ की पत्नी सुलोचना पति के सती हो जाती है। इसके बाद राम से बदला लेने के रावण अपने नींद में सोए भाई कुंभकर्ण को जगाकर युद्ध मैदान में भेजा जाता है। जहां भगवान राम के बाण से कुंभकर्ण मारा जाता है। इसकी सूचना मिलते ही लंका में मातम छा जाता है। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष तनुजा जोशी ने कहा कि महिला उत्थान व उनके आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए महिलाओं की रामलीला में भागीदारी महिला सशक्तिकरण का साक्षात उदाहरण है। मंच संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया। श्री राम की भूमिका में मानसी रावत, लक्ष्मण अंशिका जीना, हनुमान तनुजा जोशी, रावण दीपा कोश्यारी, सुग्रीव नीलम लोहनी, अंगद कामिनी पाल, आशा शर्मा, अंगद विनीता जोशी, मेघनाथ मंजू बिष्ट, सुलोचना ईशिका शर्मा, सखी भावना पोखरियाल कुम्भकर्ण जानकी पांडे, पंडित गीता उप्रेती थी। नल नील चित्रांशी, प्रांजलि, बंदरों की भूमिका में अन्य बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान पुरुष रामलीला कमेटी के प्रबंधक विक्रम डंगवाल, पुष्पा संभल, संगीत निर्देशक मोहन चन्द्र जोशी, तबलावादक कुश पांडे, महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, योगिता बनोला, योगेन्द्र साहू, राधा मिश्रा, विमला डंगवाल, सुरेंद्र रौतेला, योगेश भोज, हर्षवर्धन जोशी, अजय कुमार, केशव दत जोशी, समीर शुक्ला, तारा चन्द्र उप्रेती, गौरव जोशी, केशव दत्त तिवारी, एनडी तिवारी, मोहन अधिकारी, नारायण दत्त सनवाल सहित सैकड़ो लोग उपस्तिथ थे।



# अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंच रहे हजारों श्रद्धालु

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में आयोजित किए जा रहे 24 प्रहर अखण्ड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं भंडारा कार्यक्रम में प्रतिदिन नगर व आस पास के शहरों सितारगंज, शक्तिफार्म, दिनेशपुर, गदरपुर, नानकमत्ता आदि के साथ ही रुद्रपुर के ट्रांजिट कैम्प, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, रविन्द्र नगर, आदर्श कॉलोनी, गंगापुर रोड़, ईश्वर कालोनी, शांति कालोनी, इंदिरा कॉलोनी, सिंह कालोनी, व निकटवर्ती अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर हरिनाम का श्रवण कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। महानाम संकीर्तन में आमंत्रित संकीर्तन मंडलियों दिनेशपुर की राधा कृष्ण संप्रदाय मंडली, नेताजी नगर की राधा रानी संप्रदाय मंडली, धर्मनगर की हरि गोपाल संप्रदाय मंडली, पिपलिया नंबर एक की ओम शांति हरि संप्रदाय मंडली और पिपलिया नंबर दो की राधा रमन संप्रदाय मंडली लगातार क्रमवार मृदंग और मंजीरे की थाप पर मधुर स्वरों में संगीतमय हरिनाम संकीर्तन कर आयोजन स्थल श्री दुर्गा मंदिर परिसर को भक्तिमय से सराबोर कर रहे हैं। जिसे सुनकर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्ति में मग्न होकर हरिनाम की धुन में रम जा रहे हैं। महानाम संकीर्तन के दौरान आज 9 अप्रैल तक प्रत्येक दिन प्रात: 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद भी वितरित किया जा रहा है। प्रतिदिन मंदिर में सायं 7 बजे से श्रद्धालुओं द्वारा संध्या आरती भी की जा रही है। आयोजन स्थल के आस पास पूजा सामग्री, खानपान व खिलौनों के कई स्टॉल भी लगे हुए हैं। अखण्ड महानाम संकीर्तन का समापन कल 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रात: 6 बजे होगा। जिसके पश्चात आरती व प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, पार्षद सरो राय, गणेश सरकार, सरोज राय, विष्णु सरकार, देवु मण्डघ्ल, सविता पाल, गोविन्द राय, समीर बवाली, सुव्रत सरकार, देवशंकर शील, विवेग दास, बुद्ध मल्लिक, तपन विस्वास, श्यामल राय, गुनधर गुह, कंकन विश्वास, मधु सरकार, भवेशी विश्वास, ठाकुर राय, रमेश तरफदार, तारा सरकार, विकास मण्डल, रेवा दास, काली दासी, भानु विश्वास, नमिता राय, माया वैरागी, डा. सुजित मित्रा, मुकेश मालाकार, डा. ईश्वर मल्लिक, सुशांत राय, पुलिन शील, रेनु साना, भुवन राय, दुलाल बैरागी, कल्पना मण्डल, लतिका विश्वास, शिखा मंडल, तपन मजुमदार, अशोक राय, सुरज राय, विक्रम मण्डल, रीना सरकार, आरती मंडल, ज्योति राय, बबीता राय, मालती मजुमदार, दीपाली मंडल, लक्ष्मी मंडल, अंजनी गोलदार, रजनी शील, दुलाली मालाकार, देवकी सरकार, शात्वना वैद्य सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रुपए का गंभीर अवमूल्यन

एक अमरीकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत 95 तक पहुंच चुकी है। अर्थात् हम 95 रुपए खर्च कर एक डॉलर प्राप्त कर सकते हैं अथवा अंतरराष्ट्रीय व्यापार कर सकते हैं। 'रुपए' का लगातार अवमूल्यन होता रहा है। डॉलर ही नहीं, ब्रिटिश मुद्रा 'पौंड' के लिए भी हमें 123.84 रुपए खर्च करने होंगे और यूरोप की मुद्रा 'यूरो' की कीमत भी 108 रुपए से अधिक है। 'रुपया' लगातार कमजोर होता रहा है, उसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है और आयात-बिल भी महंगे होते रहे हैं। 2013-14 के संसदीय चुनाव के दौरान भाजपा ने 'रुपए' को भारत की संप्रभुता और प्रतिष्ठा से जोड़ कर एक संवेदनशील मुद्दा बना दिया था। लोगों ने विश्वास किया और जनादेश भाजपा को दिया। मोदी सरकार के करीब 12 साल के कालखंड में 'रुपए' में करीब 61 फीसदी की गिरावट दर्ज हो चुकी है और यह सिलसिला अभी जारी है। यह बेहद गंभीर मौद्रिक स्थिति है, बेशक भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस मुद्दे को आसानी से यूं समझा जा सकता है कि फरवरी, 2026 में ईरान युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमत 69 डॉलर प्रति बैरल थी। तब हमें एक बैरल कच्चा तेल 6700 रुपए से कुछ अधिक में पड़ता था, लेकिन मार्च में वही तेल 10,640 रुपए बैरल में खरीदा जा रहा है। यानी कीमत 70 फीसदी बढ़ी है, लिहाजा आम आदमी को भी महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदना पड़ेगा। बेशक कुछ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सरकार ने पेट्रोल-डीजल महंगे नहीं किए हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 117 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुके हैं। भाजपा तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को लगातार निशाना बनाती थी, जबकि उन्होंने ही देश को आर्थिक मंदी से बचाया था। तब भाजपा अर्थव्यवस्था की कमजोरी और 'रुपए' के अवमूल्यन पर चिंताएं जताती थी। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उस दौर में भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता थीं। 'रुपए' की स्थिति को लेकर यूपीए और भाजपा-एनडीए सरकारों की तुलना करना बेहद तार्किक है। तब मई, 2004 में मनमोहन सरकार के शुरुआती दिनों में एक डॉलर की तुलना में 'रुपया' 45.37 पर था। मई, 2014 में यूपीए कालखंड की समाप्ति के वक्त डॉलर की कीमत 58.58 रुपए थी। केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई, तो 'रुपए' का अवमूल्यन लगातार क्यों होता रहा है? डॉलर 58 रुपए से उछल कर 90-91 रुपए तक कैसे पहुंच गया? आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रिजर्व बैंक दखल न दे, तो एक डॉलर 110 रुपए में पड़ सकता है। ईरान युद्ध की शुरुआत के एक दिन पहले, 27 फरवरी, तक 'रुपया' 90.98 तक गिरा था, लेकिन 31 मार्च, 2026 को 95 तक गिर गया। 100 रुपए की 'चरम स्थिति' कितनी दूर है? बेशक मोदी कालखंड में 'रुपए' का अवमूल्यन ऐतिहासिक रहा है और भारतीय मुद्रा के लिए यह असंतुलित और गंभीर स्थिति है। इसके बावजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बयान आया है कि 'रुपया' ठीक चल रहा है। 2022 में उन्होंने अपना 'आर्थिक दर्शन' देश के सामने पेश किया था कि 'रुपया' कमजोर नहीं हुआ है, बल्कि डॉलर मजबूत हो रहा है। हालांकि 'रुपए' के अवमूल्यन का युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं है, लेकिन हमारा आयात युद्ध के कारण महंगा होता जा रहा है, तो हमें आयात के लिए ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। बेशक भारत में विदेशी मुद्रा का भंडार 700 अरब डॉलर के करीब है और यह 10 माह के आयात के लिए पर्याप्त है, लेकिन हमें आगे की योजना भी तैयार करनी चाहिए। भारत की उम्र मात्र 10 माह नहीं है। इस स्थिति पर भारतीय स्टेट बैंक की एक रपट सामने आई है, जिसमें 'रुपए' की गिरावट के कुछ कारणों को गिनाया गया है। रपट में माना गया है कि 'रुपए' को अब 'शॉक एब्जॉर्बर' बना कर छोडना सही नहीं है। इसका उलटा असर पड़ रहा है।

# बालिका इंटर कॉलेज में प्रवेशोत्सव की धूम

चोरगालिया (उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगालिया में नए शैक्षिक सत्र के अवसर पर प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में प्रवेश लेने वाली नई छात्राओं का स्वागत मिष्ठान खिलाकर, पुरस्कार भेंट कर और पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने अत्यंत मनमोहक और उद्देश्यपरक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं पूर्व ग्राम प्रधान सुरजीत कौर पुण्य ने अभिभावकों से सरकारी विद्यालयों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने विद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन और पिछले सत्र में पहली बार आयोजित सफल वार्षिकोत्सव के लिए विद्यालय नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को नैतिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान शिक्षिका रेखा आर्या ने किया, जिन्होंने सरकारी विद्यालयों में प्रदान की जा रही गुणवत्तापरक शिक्षा और शिक्षा विभाग की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। व्यायाम शिक्षिका हेमा टाकुली के निर्देशन में छात्राओं ने आत्मरक्षा कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देख उपस्थित अभिभावकों ने खूब तालियां बजाईं। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने मुख्य अतिथि और अभिभावकों का स्वागत करते हुए शैक्षिक सत्र 2025 26 की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने आनंदमय विद्यालय की अवधारणा पर अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से विचार साझा किए। पूर्व एसएमसी अध्यक्ष कम्मूरुद्दीन और पीटीए अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्गवाल ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के चहुंमुखी विकास में अभिभावकों के पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान गृह परीक्षा और विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पिछले सत्र की छात्राएं सुनीता भट्ट, कामिनी बिष्ट, महक फुलारा और पूजा जोशी ने अपने एक साल के अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रति अपना लगाव व्यक्त किया। इस अवसर पर नव प्रवेशित छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गईं। शिक्षिका गीता जोशी ने छात्राओं को करियर गाइडेंस की जानकारी देते हुए सफलता के मंत्र बताए। कार्यक्रम में बीना नगारी, दीप्ति जोशी, मुन्नी, ललिता गौतम, तरुणा वर्मा, मीनाक्षी जोशी, पूर्णिमा कांडपाल सहित भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।





# जन्मभूमि स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प की राय कालोनी में स्थित जन्म भूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह के दौरान मेधावी छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए परीक्षा फल के साथ-साथ शील्ड, मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों के लिए भी फैशन शो कराया गया। जिसमें में खासा उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों को भी फैशन शो के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुमित रॉय, नेहा व प्रधानाचार्य नितीश कुमार सहित समस्त स्टाफ, अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक डॉ. सुमित रॉय ने बताया कि संस्थान पिछले 17 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है और कम शुल्क में बेहतर शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने बच्चों को निरंतर प्रयास करते रहने और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक दीपक कुमार, देवेश कुमार व भावना के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय के श्रीमती सुमित्रा, श्रीमति दीपिका , श्रीमति नीलम गंगवार, श्रीमती सरिता, श्रीमती ममता दास, श्रीमति नीतू, श्रीमती रितु, ममता, श्रीमती ममता दिवाकर, निर्मला, श्रीमती प्रियंका, प्रियंका, प्रियांशी, श्रीमती प्रीति, श्रीमती उमा, श्रीमति शालिनी राय, श्रीमती प्रिया, अंजू , श्रीमती सविता, श्रीमती मिथिलेश व विद्यालय के कर्मचारी सुनीता, श्रीमती संगीता, आशा उपस्थित रहे। विद्यालय में इस वर्ष प्रथम कक्षा के अनिकेत 94.92 प्रतिशत व कक्षा 5 के पारस राठौर 87.72 प्रतिशत , द्वितीय हर्षवर्धन 90.18 प्रतिशत कक्षा- 3 ,व शिखा 86.8 प्रतिशत कक्षा- 7 तथा तृतीय कुसुम 87.68 प्रतिशत कक्षा-3 व नैतिक 86.16 प्रतिशत कक्षा 5 रहे जिन्हें पुरस्कृत किया गया।



# फरजाना ने पिरान कालियर शरीफ में सुनी जन समस्याएं

रुद्रपुर। अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने पिरान कालियर शरीफ में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर लोक समस्या निवारण कार्यक्रम में जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम वास्तव में सरकार की संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने बताया यह जनसेवा का सराहनीय प्रयास मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है। धामी सरकार निरंतर ष्जनता के द्वार सरकारष्की भावना के साथ कार्य करते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास और राहत पहुँचाने के लिए संकल्पित है। आयोग उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने उपस्थित लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पारदर्शिता, त्वरित निर्णय और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री धामी का प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। महिलाओं के हित में मुख्यमंत्री द्वारा कई कार्य धरातल पर उतारे गए हैं। जिनमें महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना, उनके सम्मान और अधिकारों को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाना, समान नागरिक संहिता जैसे ऐतिहासिक कानून को लागू करने की दिशा सम्मान और अधिकारों को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाना, समान नागरिक संहिता जैसे ऐतिहासिक कानून को लागू करने की दिशा में अग्रसर होना, अल्पसंख्यक बहनों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए धामी सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास भी अत्यंत प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री श्री धामी का यह संकल्प, समर्पण और जनहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में उत्तराखंड की जनता के लिए प्रेरणादायक है।उनके साथ अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य नफीस अहमद, आयोग के सचिव जगदीश सिंह रावत, एसडीएम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, शमा परवीन, कलियर नगर पंचायत के ईओ एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।



# प्रोफेसर की कार ने स्कूटी सवार महिला को रौंदा,मुकदमा दर्ज

पंतनगर । पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर में एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार महिला कर्मचारी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला स्कूटी सहित काफी दूर तक घिसटती चली गई। पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, एफएच 26 फूलबाग निवासी दीपक रावत ने थाना पंतनगर में तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी प्रिया रावत विश्वविद्यालय में लेखाकार के पद पर कार्यरत हैं। 27 मार्च 2026 की सुबह लगभग 10 बजे वह स्कूटी से कार्यालय जा रही थीं। जैसे ही वह फूलबाग सेंटर रोड पर पहुँचीं, पीछे से आ रही एक कार संख्या यूपी32पी के 9386 के चालक ने लापरवाही और तेज गति से स्कूटी को टक्कर मार दी। आरोपी चालक की पहचान मृदा विज्ञान विभाग के प्रोफेसर श्रीराम के रूप में हुई है।हादसे में प्रिया रावत को गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों के दबाव के कारण वह घायल महिला को फुटेला अस्पताल ले गया। वहाँ भी पुलिस को बिना कोई सूचना दिए और वैधानिक औपचारिकताएं पूरी किए बिना वह फरार हो गया। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में पूर्व में ई एफआईआर और उच्चाधिकारियों को ईमेल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई थी।पीड़ित पति ने पुलिस से आरोपी चालक के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने, ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने और दुर्घटना के कारण हुई शारीरिक, मानसिक व आर्थिक हानि के लिए उचित क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# गदरपुर में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा का स्वागत

गदरपुर। ऊधम सिंह नगर के जिला प्रभारी मंत्री एवं उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा के गदरपुर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर ने शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर सभासद परमजीत सिंह पम्मा, सन्नी बत्रा, सागर गंडा एवं आकाश कोचर भी उपस्थित रहे। भेंट के दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। मंत्री प्रदीप बत्रा ने क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और उनके समाधान को लेकर सकारात्मक चर्चा की गई।



# जमीन विवाद में घर में घुसकर मारपीट का आरोप

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के युवक ने गांव के ही कुछ लोगों पर जमीन विवाद के चलते घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस प्रशासन से करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखविन्द्र सिंह पुत्र बुढ़ सिंह निवासी विचई का गांव के ही जीत सिंह पुत्र भगवान सिंह के साथ खेत की मेढ़ को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि इस विवाद का निपटारा बीती 13 मार्च 2026 को पंचायत के माध्यम से कर दिया गया था, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद भी विपक्षी पक्ष पंचायत के फैसले को मानने को तैयार नहीं है। पीड़ित का आरोप है कि जीत सिंह और उसके परिजन उसकी जमीन पर कब्जा करने की नियत से लगातार खेत में चारदीवारी करने से रोक रहे हैं। घटना के संबंध में लखविन्द्र सिंह ने बताया कि 8 अप्रेल को शाम करीब 5 बजे वह अपने घर पर मौजूद था, तभी जीत सिंह अपने साथ बलवीर सिंह, बलविन्द्र सिंह और शमशेर सिंह निवासी ग्राम विचई को लेकर उसके घर पहुंच गया। आरोप है कि सभी लोग एक राय होकर घर में घुस आए और उसके साथ तथा उसकी पत्नी सर्वजीत कौर के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, इस दौरान बलविन्द्र सिंह ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए, जबकि बलवीर सिंह ने मुक्कों से मारते हुए जान से मारने की धमकी दी। लखविन्द्र सिंह ने बताया कि उसका परिवार काफी कमजोर स्थिति में है, जिसमें वह स्वयं, उसकी पत्नी और उसके पिता शामिल हैं, जो शारीरिक रूप से विकलांग हैं। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर विपक्षी पक्ष दबंगई के बल पर उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहता है।

# स्कूल के प्रवेशोत्सव का विधायक ने किया शुभारंभ

गदरपुर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर, गदरपुर, उधम सिंह नगर में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत बुके देकर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत उपस्थित रहे। इस अवसर पर डिवाइन इंटरनेशनल फाउंडेशन हरिद्वार द्वारा एक जो सर्वे किया गया था। उसके उपरांत इंपिरियल ऑटो द्वारा विद्यालय को एक आपके लिए ही है। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि श्री भुवनेश्वर प्रसाद पंत जी द्वारा बच्चों को प्रेरणादायक बातें बताई गई। और अभिभावकों को भी प्रवेश उत्सव





अतिथि माननीय अरविंद पांडे जी विधायक गदरपुर व पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार एवं विशिष्ट अतिथि श्री भुवनेश्वर प्रसाद पंत जी प्रवक्ता एससीईआरटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सर्वप्रथम फीता काटकर किया गया। उसके पश्चात मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात किए गए। सभी नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत उन्हें क्राउन क्राउन व गिफ्ट देकर किया गया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया। छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए दिनांक 1/4./26 से दिनांक 7./04/2026 तक कुल 18 प्रवेश विद्यालय में हो चुके हैं। इस मौके पर अभिभावक व पूर्व प्रधान समर सरकार सहित विशिष्ट अन्य लोग डिजिटल बोर्ड भी दिया गया। जो कि शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए बड़ा ही लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवसर पर डिवाइन इंटरनेशनल फाउंडेशन से सुमित नरवाल हरिद्वार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय विधायक जी द्वारा बच्चों को संबोधन में कहा गया कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें तथा नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहे। यह विद्यालय के बारे में बताया गया। आज का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं श्रीमती नीरा देवी, शशि सचान, बबीता गुप्ता, डा. दीपा जोशी और कार्यक्रम संचालिका श्रीमती श्रद्धा रानी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम व प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर विजय शंकर रहे।

# भावना मेहरा ने संभाला उपाध्यक्ष का कार्यभार

देहरादून। आवास सलाहकार परिषद की नवनियुक्त उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने बुधवार को सचिवालय में विधिवत अपना कार्यभार ग्रहण किया। आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। कार्यभार संभालने के बाद उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश



निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने संकल्प लिया कि वे टीम उत्तराखंड की तर्ज पर कार्य करते हुए जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ निभाते हुए प्रदेश के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारना उनकी प्रमुख प्राथमिकता होगी ताकि आम जनता को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने अपनी कार्ययोजना साझा करते हुए बताया कि आवास से जुड़े विषयों के साथ साथ प्रदेश के प्रत्येक जिले में विकास प्राधिकरणों की नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा की जाएगी और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पारदर्शिता के साथ लक्ष्यों को प्राप्त किया जाएगा।

# आनंदखेड़ा में अखंड महानाम संकीर्तन आयोजित

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आनंदखेड़ा नंबर एक में आयोजित श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने भक्तिमय वातावरण में संकीर्तन सुना और महामंत्र का जाप करते



हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति द्वारा पूर्व विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संकीर्तन महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इसमें मानमुक्ति सम्प्रदाय, जय जगन्नाथ सम्प्रदाय, कृष्णदासी सम्प्रदाय, ब्रजेश्वरी सम्प्रदाय और गोपी कृष्ण सम्प्रदाय की मंडलियों ने भावपूर्ण कीर्तन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ठुकराल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में शांति और भाईचारे का संदेश जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने संकीर्तन का आनंद लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

# घर से नकदी और जेवरात चोरी

काशीपुर। हथियारबंद चोरों ने एक घर से नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। आईटीआई कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लाइन पार गिन्नी खेड़ा निवासी हरि सिंह पुत्र नेतराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात अप्रैल को आधी रात वह और उसकी पत्नी आंगन में और तीनों बच्चे अंदर कमरों में सो रहे थे कि तीन चोर गेट से कूदकर अंदर घुस गए और कमरे से एक सोने का लॉकेट, दो जोड़ी चांदी की पायल, चार चांदी की अंगूठियां एवं अलमारी में रखे लगभग पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। बताया कि चोरों के पास कुछ हथियार भी थे। परिवार ने चोरों को जाते हुए देख लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अल्मोड़ा में रिश्वत लेते लेखाकार गिरफ्तार

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। जिले के लमगड़ा में विजिलेंस ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां काम के एवज में ठेकेदार से घूस मांगना उसे महंगा पड़ा गया। विजिलेंस की ट्रैप टीम ने जाल बुना और लमगड़ा ब्लॉक के आरोपी लेखाकार को रंगेहाथ धर दबोचा। हल्द्वानी विजिलेंस की टीम अब आरोपी को एंटी करप्शन कोर्ट में पेश करेगी।



जानकारी के मुताबिक, अल्मोड़ा निवासी हर सिंह बिष्ट उर्फ हरीश सिंह बिष्ट पुत्र बहादुर सिंह बिष्ट हाल लेखाकार विकास खण्ड लमगड़ा निवासी मौहल्ला बांसमीड़ा निकट नंदा देवी मंदिर चीनाखान, अल्मोड़ा लमगड़ा ब्लॉक में बतौर लेखाकार तैनात है। एक व्यक्ति ने हरीश के खिलाफ विजिलेंस हल्द्वानी में शिकायत की। बताया कि वह ठेकेदार। कुछ समय पहले शौचालय बनाने के लिए सरकारी विज्ञप्ति जारी की गई थी। इस पर उसने भी टेंडर जमा किया था, लेकिन एफडीआर का अड़ंगा लगा दिया। उसने सीधे तौर पर काम के एवज में 15 हजार रुपए की घूस मांगी। पीड़ित की शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने पूरे मामले की गोपनीय जांच की और जब पीड़ित के आरोप सही पाए तो थाना सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी में मुकदमा दर्ज कर ट्रैप टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निदेशक सतर्कता डॉ. वी. मुरूगेशन द्वारा ट्रैप टीम को नगद पुरूष्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा की गयी। निदेशक सतर्कता डॉ. वी. मुरूगेशन महोदय ने अपील की गयी है कि सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1064 एवं व्हाट्सएप, हेल्पलाइन नंबर 9456592300 पर सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान में अपना योगदान दें। एसपी विजिलेंस दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि उनकी ट्रैप टीम ने आरोपी को 15 हजार रुपए की रिश्वत के साथ पकड़ा है। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा और न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तराखंड में दो चरणों में होगी डिजिटल जनगणना

## डीएम ने की स्व-गणना सुविधा का लाभ उठाने की अपील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 का आयोजन उत्तराखण्ड राज्य में दो चरणों में किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, वह 25 अप्रैल 2026 से 25 मई 2026 तक संचालित होगा। इसके पश्चात द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य 09 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक संपन्न किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि इस बार की जनगणना को आधुनिक तकनीक के माध्यम से पूर्णतः डिजिटल रूप में संपन्न किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया मोबाइल एप्लिकेशन पर आधारित होगी और इसकी निगरानी के लिए जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। इससे कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में नियुक्त प्रगणक और पर्यवेक्षक घर घर जाकर मकानों की सूची तैयार करेंगे, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या से संबंधित आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा के लिए इस बार स्व गणना की विशेष व्यवस्था भी की गई है। इसकी अवधि 10 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक निर्धारित है। इस सुविधा के माध्यम से नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें और अधिक से अधिक संख्या में स्व गणना सुविधा का लाभ उठाएं ताकि यह कार्य समयबद्ध और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# बिना मान्यता चल रहे निजी स्कूलों पर शिक्षा विभाग सख्त

हल्द्वानी। मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने जनपद में संचालित निजी विद्यालयों की मान्यता को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कईनिजी विद्यालय बिना वैध मान्यता के संचालित किए जा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी ने निजी विद्यालयों की मान्यता संबंधी अभिलेखों के गहन परीक्षण के आदेश दिए हैं। इस संबंध में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने जनपद के सभी राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों और उप शिक्षा अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय के भौगोलिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी निजी विद्यालयों के संबंध में स्पष्ट और प्रमाणिक सूचनाएं संकलित करें। इसमें मुख्य रूप से यह जानकारी देनी होगी कि विद्यालय मान्यता प्राप्त है या नहीं। यदि विद्यालय मान्यता प्राप्त है, तो उसका यू डाइस कोड क्या है और वह किस बोर्ड से संबद्ध है। इसके साथ ही मान्यता की वैधता तिथि और मान्यता प्रदान करने वाले सक्षम अधिकारी के नाम व पदनाम की जानकारी भी मांगी गई है। अधिकारियों को मान्यता प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करते हुए यह पूरी रिपोर्ट 10 अप्रैल 2026 तक संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों और उप शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे संकलित सूचनाओं को 11 अप्रैल 2026 तक मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं ताकि नियम विरुद्ध चल रहे स्कूलों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## पेज एक का शेष...

**अवैध खनन रोकने गई टीम पर .....**हो गए। वन टीम ने पीछा करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। बाद में जंगल की झाड़ियों से छीना गया असलहा और कारतूस बरामद हुए, जिसकी फोटोग्राफी भी वन विभाग द्वारा की गई है। कोतवाली प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि वन बीट अधिकारी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**ठगी के लिए इस्तेमाल हो रहे.....** लिए नहीं, बल्कि ठगी की रकम को प्राप्त करने और उसे खपाने के उद्देश्य से खोले गए थे। पुलिस अब इन खातों के वास्तविक संचालकों और इसमें बैंक अधिकारियों की संभावित भूमिका की जांच कर रही है। दोनों ही मामलों में अज्ञात खाताधारकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

**'गुटबाजी ने निकाली' कांग्रेसी ....**कापड़ी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, वरिष्ठ नेता करण महरा, पूर्व कैबिनेट मंत्री तिलक राज बेहड़ और जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, राजकुमार ठुकराल आदि मौजूद रहे, लेकिन स्थानीय नेताओं ने सम्मेलन को सफल बनाने में उतनी मेहनत नहीं की, जितनी कि वह अपने-अपने निजी कार्यक्रमों में करते हैं। कार्यक्रम में अपेक्षाकृत रुद्रपुर से कार्यकर्ता कम नजर आए। जिला मुख्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विधायकों के साथ भी जैसी भीड़ नजर आनी चाहिए थी वह भी नजर नहीं आई।

**डमंर से कुचलकर बाइक....**तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धौनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और उनके द्वारा तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने पर दोनों मृतकों के परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि रात के समय यात्रा करते हुए विशेष सावधानी बरतें और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

**सैनिकों के कल्याण....**मिले हैं। उन्होंने कहा कि आज वे जिस भी मुकाम पर हैं, वह उनके पिता द्वारा सैन्य जीवन में सिखाए गए अनुशासन और राष्ट्र सेवा के संस्कारों की बदौलत है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि खटीमा और आसपास के क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों को सीएसडी कैंटीन की सुविधा के लिए पहले लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती थी। अब इस आधुनिक कैंटीन और मिलन केंद्र के खुल जाने से हजारों सैनिक परिवारों को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण सामान और मिलने-बैठने की जगह उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह कैंटीन केवल एक दुकान नहीं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक माध्यम है। मुख्यमंत्री ने स्वयं काउंटर पर जाकर खरीदारी की और कैंटीन के स्टॉक व व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण भी किया। शहीद परिजनों और वीरांगनाओं को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के परिवारों का दुख मैं भली-भांति समझता हूँ। उनके बलिदान का कर्ज कोई भी सरकार नहीं उतार सकती, लेकिन हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उन्हें किसी भी काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने घोषणा की कि उत्तराखंड सरकार सैनिकों और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में सैन्य धाम का निर्माण इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। धामी ने अंत में भावुक स्वर में कहा कि मेरे पिताजी की पुण्यतिथि पर इस पवित्र भूमि पर सैनिकों के बीच रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि आपकी समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, रामसिंह कैड़ा, प्रदीप बत्रा, दर्जा राज्य मंत्री विनय रूहेला, ध्रुव रौतेला, विधायक शिव अरोरा, महापौर रूद्रपुर विकास शर्मा, काशीपुर के दीपक बाली, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या आदि जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सैन्य अधिकारी, वीरांगनायें और शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अरविंद पांडे के खिलाफ नामधारी और कंबोज ने खोला मोर्चा

## पूर्व शिक्षा मंत्री पर लगाए जमीनों पर कब्जे और अपनों से विश्वासघात के गंभीर आरोप,बोले भाजपा से बाहर करो

काशीपुर(उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी और गदरपुर के पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेंद्र कंबोज ने पांच बार के विधायक व पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। बुधवार अपराह्न रामनगर रोड स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिल भारतीय कंबोज महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कंबोज ने गदरपुर विधायक अरविंद पांडे पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने पांडे को "शातिर किस्म का व्यक्ति" बताते हुए कहा कि "जिस थाली में खाया, उसी में छेद करना उनकी फितरत है।" कंबोज ने आरोप लगाया कि अरविंद पांडे पर 25 से 30 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और उन्होंने जनपद ऊधम सिंह नगर ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड में कई स्थानों पर सरकारी व निजी जमीनों पर अवैध कब्जे किए हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद पांडे की राजनीतिक पहचान बनाने में सुखदेव सिंह नामधारी का बड़ा योगदान रहा है। बाजपुर से दो बार और गदरपुर से तीन बार चुनाव जीतने का श्रेय भी नामधारी को जाता है। इसके बावजूद पांडे अपने राजनीतिक गुरु के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। कंबोज ने यह भी आरोप लगाया कि पांडे पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच फूट डालने का काम कर रहे हैं और अब काशीपुर को भी अपना अगला केंद्र बना लिया है। उन्होंने कहा कि इसी कारण वे और नामधारी पूरे जिले में पांडे की कथित गलत गतिविधियों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं, ताकि युवा उनके बहकावे में न आएं।उन्होंने कहा कि भाजपा में रहकर सरकार और संगठन के खिलाफ काम करना अनुशासन हीनता है। आरोप लगाया कि विध ानसभा और लोकसभा चुनावों में भी पांडे ने अपने ही पार्टी प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। कंबोज ने कहा कि पांडे "यूज एंड थ्रो" की नीति पर काम करते हैं और अनजान लोगों को आसानी से अपने प्रभाव में ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को गुमराह होने से बचाना है। उद्यमी अनूप अग्रवाल के मामले का जिक्र करते हुए कंबोज ने कहा कि पांडे ने मीडिया के सामने भ्रामक बयान दिए, जबकि अग्रवाल के खिलाफ कई आपराधिक मामले न्यायालय में लंबित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पांडे ने पहले संवेदना जताने का नाटक किया और बाद में पूरे मामले को अलग दिशा देने की कोशिश की। कंबोज ने कहा कि अब समाज अरविंद पांडे की वास्तविकता समझ चुका है और उनका असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है।





### अब लड़ाई आर पार की होगी:नामधारी

काशीपुर। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी से उत्तरांचल दर्पण प्रतिनिधि मनोज श्रीवास्तव ने जब मोबाइल फोन पर इस बारे में बातचीत की तो उन्होंने बताया कि गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे को उन्होंने बच्चों की तरह पाला लेकिन वह कभी उनकी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 में भरोसा टूटने के बाद एक बार मन में आया कि ऐसे व्यक्तित्व को अपने से अलग कर दिया जाए लेकिन कुछ ऐसी मजबूरियां रही की चाह कर भी वह विरोध नहीं कर सके। सुखदेव सिंह नामधारी ने प्रतिनिधि से मोबाइल फोन पर बातचीत करते हुए कहा कि इतने सालों के बाद अब जब अरविंद पांडे ने धृष्टता की सारी हदें लांघ दी तो मजबूरी में उन्हें सरकार व संगठन की शाख बचाने को आगे आना पड़ा। सुखदेव सिंह नामधारी ने कहा कि अब यह लड़ाई आर या पार की होगी।

### अरविंद पांडे की गतिविधियों का पहले क्यों नहीं किया गया विरोध!

काशीपुर। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष सुरेश कंबोज द्वारा गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद जहां एक और सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है वहीं क्षेत्र में इस बात को भी लेकर चर्चा पुरजोर है कि आखिर सुखदेव सिंह नामधारी ने अरविंद पांडे की गतिविधियों का अब तक विरोध क्यों नहीं किया जबकि वह पांडे के राजनैतिक गुरु माने जाते हैं। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि जब तक दोनों एक थे सब कुछ ठीक था वैचारिक भिन्नता हुई तो कमियां गिनाई जा रही हैं। कुछ लोग पत्रकार वार्ता को राजनैतिक षड्यंत्र का हिस्सा भी बता रहे हैं। फिलहाल कुछ भी हो लेकिन एक बार प्रदेश का जनपद उधम सिंह नगर फिर से सियासी अखाड़े में तब्दील हो चुका है।

# कृषि मंत्री जोशी ने किया राजकीय उद्यान का औचक निरीक्षण

## नर्सरियों में तैयार हो रहे पौधों की गुणवत्ता परखी और अधिकारियों को दिए निर्देश

सितारगंज (उद संवाददाता)। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज जनपद ऊध मसिंह नगर के सितारगंज स्थित राजकीय गार्डन एवं पौधालय का औचक निरीक्षण किया। कृषि मंत्री के अचानक पहुंचने से उद्यान विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने राजकीय गार्डन में तैयार की जा रही विभिन्न नर्सरियों का बारीकी से निरीक्षण किया और पौध उत्पादन की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौजूद कर्मचारियों ने विभागीय मंत्री को बताया कि वर्तमान में गार्डन में आम, लीची और अमरूद की उन्नत प्रजातियां विकसित की जा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि विशेष रूप से अमरूद की एल 49 प्रजाति के लगभग 3 हजार पौधे तैयार किए गए हैं जो वितरण के लिए उपलब्ध हैं। कृषि मंत्री ने पौधों के रखरखाव और उनकी प्रजातियों के बारे में विस्तार से पूछताछ की। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि औद्यानिकी क्षेत्र में बेहतर कार्यप्रणाली और गुणवत्ता बनाए रखना बेहद आवश्यक है ताकि प्रदेश के किसानों को उच्च गुणवत्ता के पौधे मिल सकें। उन्होंने कहा कि जब किसानों को बेहतर पौध मिलेगी तभी उनकी आय में वृद्धि संभव होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौध उत्पादन में आधुनिक तकनीकों का समावेश किया जाए जिससे उत्पादन अधिक प्रभावी हो सके और क्षेत्र के काश्तकारों को इसका सीधा लाभ मिले। इस दौरान उन्होंने उद्यान की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया।










# फसल बर्बादी पर कांग्रेसियों का तहसील में प्रदर्शन

## सरकार से किसानों के लिए तुरंत मुआवजे की मांग

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में अचानक बदले मौसम और तेज बारिश के कारण किसानों की तैयार फसलों को हुए भारी नुकसान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत और मुआवजा देने की मांग उठाई। क्षेत्र में पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश ने खेतों में खड़ी फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है जिससे अन्नदाता के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कई काश्तकार आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट चुके हैं। किसानों की इस बदहाली को लेकर पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान रणजीत सिंह रावत ने कहा कि किसान इस देश की रीढ़ हैं और जब उनकी फसल बर्बाद होती है तो पूरा परिवार गहरे संकट में आ जाता है। उन्होंने मांग की कि सरकार को बिना किसी देरी के नुकसान का सटीक आकलन करना चाहिए और प्रभावित किसानों के खातों में उचित मुआवजा राशि भेजनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से अपील की कि तत्काल सर्वे की प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों की सुध नहीं ली गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, भुवन पाण्डेय, ममता आर्या, दीप्ति भारद्वाज, गिरधारी लाल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। अब सभी की नजरें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि संकट में घिरे किसानों को कब तक आर्थिक मदद मिल पाती है।

